कार्यालय–जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, ललितपुर।

पत्रांक/मान्यता/नवीनीकरण/ 22128-37 /2020–21 दिनांक– 30/3/2021

प्रबन्धक,
डॉन बॉस्को एकेडमी बुढ़वार रोड,
नगर क्षेत्र, ललितपुर।

विषय–विद्यालय संचालन हेतु स्थायी नवीनीकरण/मान्यता प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में।

उपर्युक्त विषयक कार्यालय के **पत्रांक/बे0/मान्यता/9446–50/2017–18** दिनांक **16.03.2018** के द्वारा तीन वर्ष की अवधि के लिये कक्षा प्री–प्राइमरी से कक्षा–8 तक के लिये अनंतिम (अंग्रेजी माध्यम) मान्यता प्रदान की गयी थी। तीन वर्ष के उपरान्त पुनः खण्ड शिक्षा अधिकारी, नगर क्षेत्र से विद्यालय का निरीक्षण कराया गया है। खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र के **निरीक्षण दिनांक 21.03.2021** की आख्या के अनुसार विद्यालय व्यवस्थित रूप से निःशुल्क अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम–2009 की धारा–16 एम तद्नुक्रम में राज्य सरकार द्वारा पारित शिक्षा अधिकार नियमावली 2011 में विहित प्रावधानों के अन्तर्गत मानक एवं शर्तों का पालन करता है।

आपके द्वारा **दिनांक 03.01.2021** को पत्रावली प्रस्तुत की गई। उक्त पत्रावली को खण्ड शिक्षा अधिकारी, नगर क्षेत्र को जांच हेतु प्रेषित किया गया। शासनादेश संख्या–419/79–6–2013–18(20)/91 शिक्षा अनुभाग–6 लखनऊ दिनांक 08 मई, 2013 के क्रम में निरीक्षण किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी, नगर क्षेत्र, ललितपुर द्वारा अपनी निरीक्षण आख्या **दिनांक 21.03.2021** द्वारा अवगत कराया गया कि शासनादेश संख्या–419/79–6–2013–18(20)/91 शिक्षा अनुभाग–6 लखनऊ दिनांक 08 मई, 2013 में निहित प्रावधानों के अन्तर्गत विद्यालय संचालित है। विद्यालय का स्थाई नवीनीकरण की संस्तुति की है। खण्ड शिक्षा अधिकारी, नगर क्षेत्र के संस्तुति के आधार पर आपके विद्यालय **डॉन बॉस्को एकेडमी बुढ़वार रोड, नगर क्षेत्र, ललितपुर** को शासनादेश के पैरा–13 के तहत कक्षा प्री–प्राइमरी से कक्षा–8 तक स्थाई नवीनीकरण करते हुये नियमित रूप से संचालित करने की अनुमति दी जाती है।

(राम प्रवेश)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
ललितपुर।

पृ0सं0/मान्यता/नवीनीकरण/ /2020–21 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अपर शिक्षा निदेशक (बेसिक), प्रयागराज।
2. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक(बेसिक), झांसी मण्डल, झांसी।
3. खण्ड शिक्षा अधिकारी, नगर क्षेत्र, ललितपुर।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
ललितपुर।

MANAGER
DON BOSCO ACADEMY
LALITPUR (U.P.)

PRINCIPAL
DON BOSCO ACADEMY
LALITPUR (U.P.)

<u>कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी,ललितपुर।</u>

पत्रांकः–1801 /एसटी/विविध/एनबीसी/20–21/दि0 23-10-2020

प्रबन्धक
डॉन बास्को एकेडमी
सिविल लाइन्स ललितपुर।

कृपया अपने पत्र दि0 20.10.2020 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा आपने हाई स्कूल की मान्यता हेतु नेशनल बिल्डिंग कोड प्रमाण पत्र निर्गत कराने का अनुरोध किया गया है।

आपके उक्त पत्र के क्रम में डॉन बास्को एकेडमी, सिविल लाइन्स ललितपुर का हाई स्कूल की मान्यता हेतु नेशनल बिल्डिंग कोड प्रमाण पत्र सहायक अभियन्ता, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, ललितपुर के पत्र सं0 1317/वी–19/दि0 22.10.2020 द्वारा प्राप्त हुआ है, जिसे इस पत्र के साथ संलग्न कर मूलरूप में प्रेषित किया जा रहा है।
संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

मुख्य विकास अधिकारी
ललितपुर।

MANAGER
DON BOSCO ACADEMY
LALITPUR (U.P.)

PRINCIPAL
DON BOSCO ACADEMY
LALITPUR (U.P.)

MIS-19-W-457